हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 नवंबर 2025

04 33-34 साल में भी नहीं हुआ मंडी का विस्तार...



08 नप के नोटिसों को 'रद्दी' समझ रहा वीआईटी...





## खबर संक्षेप

### सोहागपुर विधायक निधि से सहायता राशि जारी

**नर्मदापुरम।** सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से माखननगर, केसला एवं सोहागपुर के 18 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### 10 लाख की राशि से होंगे 4 निर्माण कार्य

**नर्मदापुरम।** सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा की अनुंशसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से 4 निर्माण कार्य के लिए कुल 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनीमालवा विधायक शवर्मा की अनुशंसा पर विधायक निधि से ग्राम तिलीआंवली में सियावर गौर के बाजू में सार्वजनिक चबूतरे पर छत निर्माण कार्य के लिए एवं ग्राम भमेडीदेव के भीलटदेव मेला प्रांगण में आश्रम के सामने सार्वजनिक टीनसेट एवं फ्लोर निर्माण कार्य आदि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जल्द ही कार्य पूर्णता के सोहागपुर नप सीएमओ तथा उपयंत्री ने दिए बीएलओ को निर्देश

# सोहागपुर में 95% कार्य पूर्ण, 1000 मतदाताओं का डेटा कलेक्शन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार देश में एसआईआर अर्थात मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। जिसे लेकर बैठक हुई।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार देश में एसआईआर अर्थात मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। शहरी क्षेत्र सोहागपुर में शीघ्र कार्य पूर्ण होने की संभावना है। अब तक सोहागपुर में लगभग 95% कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य को पूर्ण करने के निर्देश नप सीएमओ तथा उपयंत्री ने बीएलओ को दिये हैं।

गत दिवस सोहागपुर नप सभागार में सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने शहरी क्षेत्र में कार्यरत समस्त बीएलओ के साथ बैठक की। दोनों अधिकारियों ने वार्डवार एसआईआर अंतर्गत हुए कार्यों की समीक्षा की। जिन वार्डों में कार्य प्रतिशत उच्च है, वहां के बीएलओ की दोनों अधिकारियों ने सराहना की।



#### 4 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करने की डेडलाइन

बैठक के दौरान अभी जिन वार्डों में कार्य पिछड़ा है, उनके बीएलओ को 4 दिसंबर 2025 तक हरहाल में कार्य पूर्णता के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सोहागपुर शहर के समस्त 15 वार्डों के बीएलओ उपस्थित थे।

#### बनाए हैं हेल्प डेस्क

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जन सुलभता के लिए प्रशासन की ओर से ब्लॉक मुख्यालय पर तीन हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं। सोहागपुर शहर में जपं कार्यालय, नप कार्यालय व निर्वाचन शाखा में हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। जहां कार्य संबंधी कोई जानकारी के लिये मतदाता संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सेमरी हरचंद तथा शोभापुर में भी हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं। वहीं नागरिकों का कहना है की हेल्प डेस्क की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

#### अभी एक हजार मतदाता शेष

हरिभूमि संवाददाता द्वारा पूछताछ में उपयंत्री खानोरकर ने कहा कि सोहागपुर शहर के 15 वार्डों में शनिवार 29 नवंबर 2025 की सुबह 10 बजे तक एसआईआर का कार्य 95.15% पूर्ण हो चुका था। खानोरकर ने बताया कि अभी भी 1021 मतदाताओं का डाटा कलेक्शन शेष है। तथा चार दिसंबर 2025 की अंतिम तिथि तक कार्य पूर्णता संपन्न होगी। वहीं समस्त बीएलओ ने नागरिकों से अपील की है कि जो भी मतदाता अपने फार्म भरने अथवा जमा करने से शेष रह गए हैं, वे अपने वार्ड क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करें तथा एसआईआर कार्य में सहयोग प्रदान करें।

# विधायक वर्मा ने ग्रामीण मंडल सिवनी मालवा में की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा ग्रामीण मंडल में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (SIR) के अंतर्गत विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने शक्ति केन्द्र भरलाय, लोखरतलाई, पिपलिया बी जमानी और झाड़बीड़ा का दौरा कर समीक्षा बैठकें कीं। उन्होंने मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक और अद्यतन बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीण मंडल के 47 बूथों में कुल 35,211 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें से 32,908 मतदाताओं की अपलोडिंग पूर्ण हो चुकी है, जबकि 2,303 प्रविष्टियाँ शेष हैं। विधायक वर्मा ने समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की मूल शक्ति है, इसलिए प्रत्येक बूथ पर की जा रही कार्रवाई की गहन समीक्षा अनिवार्य है। समीक्षा कार्यक्रम में SIR प्रभारी रघुवीर सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष वरुण सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र कुमार साध, शक्ति केन्द्र संयोजक कमलेश पटेल, वरिष्ठ नेता शिवनारायण जमीदार, युवा मोर्चा जिला मंत्री तरुण पटेल, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश रघुवंशी, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु राजपूत, पिछड़ा मोर्चा महामंत्री प्रेम किशोर बनेटिया, युवा नेता रवि गुप्ता सहित सभी अध्यक्ष एवं बूथ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का यह विशेष पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी के सहयोग से यह अभियान सफल बनाया जाएगा।

# जल संचय अभियान: जल संरक्षा के लिए जन अभियान परिषद ने बनाया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् माखन नगर के सेक्टर क्रमांक 02 के ग्राम गनेरा में सेकड़िया नदी पर नवांकुर संस्था एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति सेवा समिति द्वारा बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पूरे मध्यप्रदेश में जल संचय के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिससे आसपास के क्षेत्र में जल का संचय कर भूमिगत जल को बढ़ाना।

सर्वप्रथम नदी पूजन किया गया जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं बोरी बंधान किया गया। जिसमें नावँकुर संस्था संचालक एवं मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र कृष्ण कुमार झा सेक्टर प्रभारी परामर्शदाता हर्ष तिवारी, सुरेश यादव सीएमसीएलडीपीई छात्र नितिन यादव, उद्देश्य यादव, राजा केवट, रोशनी केवट, प्रियंका परसाई, रानी विश्वकर्मा, अर्पित शर्मा, गणेश अहिरवार, सौरभ अहिरवार, स्मिता पाल एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### संतोष यादव नेशनल रेफरी हेतु चयनित



**पचमढ़ी।** स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता जो दिनांक 01 दिसंबर से 06 दिसंबर 2025 तक उमरिया में आयोजित की जा रही है। जिसमें शासकीय सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के खेल शिक्षक संतोष यादव को फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए रेफरी शिप हेतु चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, गणमान्य नागरिकों, खिलाड़ियों, एवं परिवारजनों ने शुभकामनाएं दी।

# रिछारिया हुए सेवानिवृत, विभागीय कर्मचारियों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



कृषि कल्याण एवं विकास विभाग में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी राजेश कुमार रिछारिया 43 वर्ष की सेवा के पश्चात सेवा निवृत्त हुए। इस अवसर पर उनका स्थानीय कृषि विभाग के कार्यालय मेंअधिकारी कर्मचारियों के द्वारा सम्मान कर विदाई की गई। जिसमें एडीओ, आरके सिंह एसएडीओ, सलिल साहू एईओ, राजपूत, मीना, पूजा, और परिवार के सदस्य डी के दुबे पंडित अनिल मिश्रा रॉबिल सोविल रिछारिया पाण्डेय ने विदाई कर सम्मानित किया।

राजेश रिछारिया ने अपने सेवा काल के अनुभव को बताए एवं सेवा काल दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी साथियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।


हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


# राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही अदिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम की अदिति यादव का चयन शिक्षा विभाग की अंडर 17 आयु वर्ग में राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अदिति आत्मजा त्रिलोक यादव नर्मदा वेली स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है। सीहोर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। अब वह अगरतला (त्रिपुरा ) में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य की टीम के लिए चयन हुआ था। अदिति प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है। स्पर्धा 27 नवम्बर से प्रारंभ हुई। जिले की बेटी अदिति यादव का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने और नर्मदापुरम को गौरवांवित करने पर जिला शतरंज संघ, नर्मदापुरम के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

# वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नालसा, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर श्रीमती तृप्ती शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किए जाने के लिए 13 दिसंबर को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, नर्मदापुरम तथा तहसील न्यायालय, इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा में किया जाएगा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम विजय कुमार पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एम.ए.सी.टी. (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विधुत बिल, जलकर, सम्पत्तिकर संबंधी प्रकरण सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित सेवा मामलें, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। उन्होने आमजन से नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने की अपील की है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोलरिया में हुई समीक्षा बैठक

# सभी पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ मिले : सीएमएचओ डॉ गेहलोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोलरिया में शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणों, स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों तथा ग्रामीण क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं की गहन एवं बिंदुवार समीक्षा की गई।

सीएमएचओ डॉ. गेहलोत ने निर्देश दिए कि गर्भवती माताओं एवं शिशुओं को सभी अनिवार्य स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध हों तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। बैठक के दौरान बीएमओ डॉ. सृजन सेंगर ने सुपरवाइजर, एएनएम, सीएचओ एवं आशा सुपरवाइजरों को आवंटित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत की। जिन कर्मचारियों की उपलब्धि 75 प्रतिशत से कम पाई गई, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। डॉ. सेंगर ने नरसिंह ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को साप्ताहिक बैठकों में लक्ष्य प्राप्ति और प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

एनसीडी प्रशिक्षक देवनारायण खापरे ने बैठक में सीएचओ एवं एएनएम को एनसीडी पोर्टल पर डायबिटीज व हाइपरटेंशन संबंधी एंट्री की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। बीएमओ डॉ. सेंगर ने परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, टीबी, एनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की। सार्थक पोर्टल ऐप पर निर्धारित समयानुसार चेक-इन व चेक-आउट न करने पर संबंधित कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में मेडिकल ऑफिसर डॉ. शाश्वत बुचके, आयुष चिकित्सक डॉ. चंदन चावड़ा, जिला मीडिया प्रभारी सुनील साहू, एसटीएलएस हेमंत अग्रवाल, डीसीएम, बीईई, बीपीएम, डाटा ऑपरेटर सहित ब्लॉक के सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## छह वर्षीय बालक की पानी में डूबने से मौत

**भौंरा।** नगर के नाला मोहल्ला में उस वक्त मातम छा गया जब खेलते-खेलते एक मासूम की जान चली गई। मोहल्ला निवासी जितेंद्र गुप्ता का छह वर्षीय पुत्र वंश शाम करीब चार बजे घर से खेलने निकला था, लेकिन शाम पांच बजे तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास खोजबीन शुरू की। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि बच्चे को नाले की दिशा में जाते देखा गया था। इसके बाद परिजन और मोहल्लेवासी वहां पहुंचे, तो नाले के पास बने एक गहरे गड्ढे में कुछ हलचल का अंदेशा हुआ। शक के आधार पर दो लोगों ने गड्ढे में उतरकर देखा तो पाया कि बच्चा पानी में डूब गया है। तुरंत बच्चे को बाहर निकाला गया और पाढर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। शाहपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चे का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। इस दर्दनाक घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर फैल गई है।

## गोवर्धन तिवारी हुए सेवानिवृत्त

**भौंरा।** शिक्षा जगत में अपनी ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के लिए पहचान बनाने वाले गोवर्धन तिवारी, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला चिरमाटेकरी ने शनिवार को अपनी 39 वर्ष 25 दिन की शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर भावनात्मक माहौल में सेवानिवृत्ति ग्रहण की। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला चिरमाटेकरी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षकों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर तिवारी को पुष्पहार,शाल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने तिवारी के विद्यालय में योगदान को याद कर कहा, बच्चों को शिक्षा दी।

### मंडी में क्षमता से दोगुनी आवक, परिणाम: प्रभावित हो रही व्यवस्थाएं

# 33-34 साल में भी नहीं हुआ मंडी का विस्तार, लगातार बढ़ रही आवक



**मंडी में मक्का की आवक**

| तिथि | आवक | न्यून. भाव | अधि. भाव |
|---|---|---|---|
| 12 नवंबर | 12546 | 1200 | 1930 |
| 13 नवंबर | 14051 | 1200 | 1900 |
| 14 नवंबर | 18791 | 1100 | 1996 |
| 17 नवंबर | 24586 | 1300 | 1820 |
| 19 नवंबर | 22421 | 1325 | 1800 |
| 20 नवंबर | 15832 | 1201 | 1825 |
| 21 नवंबर | 15812 | 1000 | 1738 |
| 24 नवंबर | 23070 | 1300 | 1731 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले की कृषि उपज मंडी बडोरा में पिछले कुछ दिनों से मक्के की बंपर आवक हो रही है। आवक इतनी अधिक हो रही है कि मंडी में उपज डालने के लिए जगह तक नहीं मिल पा रही है। फिर भी यह आवक पिछले वर्ष की तुलना में कम है। मंडी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 2024 में नवंबर माह में 5 लाख 84 हजार 77 क्विंटल मक्का की आवक हुई थी, वहीं इस वर्ष 4 लाख 47 हजार 287 क्विंटल मक्का मंडी पहुंच चुका है। इसके साथ ही सोयाबीन, गेहूं सहित अन्य प्रकार की उपज की आवक भी बनी हुई है। यदि मक्का की बात करे तो प्रतिदिन लगभग 15 से 20 हजार क्विंटल मक्का बिकने के लिए मंडी पहुंच रहा है। जिससे मंडी में शेड के भीतर उपज डालने के लिए किसानों को जगह नहीं मिल पा रही है। आवक इतनी अधिक है कि शेड कम पड़ जा रहे है। कुछ शेड में उपज के बोरे पड़े रहते है। बोरे हटाने की गति बहुत धीमी रहती है। समय पर परिवहन नहीं किया जाता है। जिसके कारण मंडी खाली नहीं होती है और किसानों को परेशान होना पड़ता है।

### आवक बढ़ी, मंडी का विस्तार नहीं

सोयाबीन का उत्पादन कम होने और फसल खराब होने के कारण किसानों का रूख मक्का की तरफ बढ़ा है। इस साल जिले में मक्का की बंपर पैदावार हुई है, लेकिन 1991 से लेकर अब तक करीब 33-34 साल में मंडी परिसर का विस्तार नहीं हुआ। उल्टा कृषि उपज मंडी की 3 एकड़ जमीन पर सब्जी मंडी शुरू कर दी गई। जिससे 15 एकड़ से घटकर मंडी परिसर 12 एकड़ ही बचा। इसमें भी किसान विश्राम गृह, भोजन शाला, गोदाम सहित अन्य भवनों का निर्माण होने से मंडी परिसर में जगह कम होते जा रही है जबकि आवक लगातार बढ़ रही है। सीजन में आवक बढकर 25 से 30 हजार क्विंटल तक पहुंच जाती है। जिससे मंडी के शेड तो दूर पूरा परिसर अनाज से भर जाता है। जानकारों की माने तो जिले में सिंचाई की सुविधा बढने से बोवनी का रकबा और उत्पादन बढ़ा है।

### 12 से 15 हजार क्विंटल है मंडी की क्षमता

बताया जा रहा है कि जब बडोरा में कृषि उपज मंडी की शुरूआत हुई थी, तब मंडी की क्षमता 12 से 15 हजार क्विंटल की है। यहां अनाज रखने के लिए 21 शेड भी बने है। यहां इतनी आवक होने पर व्यवस्थाओं पर कुछ खास असर नहीं पड़ता है, लेकिन इससे अधिक आवक होती है तो मंडी में अव्यवस्थाएं फैल जाती है। बता दे कि जिले में फसलों की बुवाई का रकबा लगभग हर साल बढ़ रहा है। जिससे मंडी में उपज की आवक भी 5 से 6 गुना बढ़ गई है। मंडी का विस्तार नहीं होने से अनाज डालने जगह ही नहीं बच पा रही है। परिणाम किसान और व्यापारी दोनों परेशान होते है और मंडी प्रबंधन को भी व्यवस्था बनाने में दिक्कते आती है, लेकिन अनाज की नीलामी करने मजबूर होना पड़ रहा है।

### ब्लाकों की मंडियां बनी शोपिस

बैतूल के अलावा मुलताई, शाहपुर, भैंसदेही और आमला में कृषि मंडी है, लेकिन यह मंडियां केवल शोपिस बनी है। इन मंडियों में बहुत कम किसान उपज लेकर पहुंचते है। अधिकतर किसान उपज लेकर बैतूल मंडी लेकर आते है। कई किसानों का कहना है ब्लाक स्तर की मंडी और जिला मुख्यालय की मंडी के दामों में अंतर रहता है, इसलिए वे बैतूल उपज लेकर आते है। कई बार इतने अधिक किसान उपज लेकर पहुंच जाते है कि कृषि मंडी के सामने जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। मंडी परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं है। इससे किसान मंडी परिसर के बाहर ही वाहन खड़ा कर देते है। सुबह से बडोरा मंडी के सामने वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। वाहनों की कतार के कारण जाम लग जाता है और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मंडी परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं है।

**इनका कहना है...**

मंडी की क्षमता कम है और आवक अधिक हो रही है। 15 एकड़ में मंडी है, जिसमें भी 3 एकड़ में सब्जी मंडी का संचालन होता है। फिर भी हमारा प्रयास रहता है कि हम अच्छी व्यवस्था बनाये, ताकि किसानों को परेशान न होना पड़े।

सुरेश परते, सचिव, कृषि उपज मंडी बडोरा

### *1 दिसंबर को भी बंद रहेगी मंडी में मक्का की नीलामी*

*कृषि उपज मंडी समिति बडोरा में मक्का की अत्यधिक आवक और उठाव कम होने से अव्यवस्था निर्मित हो रही है। जिसे देखते हुए मंडी समिति ने 29 से 1 दिसंबर तक मक्का की नीलामी बंद रखने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मक्का के वाहनों का प्रवेश भी बंद रहेगा। मंडी समिति के मुताबिक 29 नवंबर शनिवार और 01 दिसंबर सोमवार को मंडी में मक्का की नीलामी नहीं होगी। वहीं गेहूं, सोयाबीन और अन्य उपज की नीलामी पूर्ववत चलती रहेगी। मंडी समिति ने किसानों से उक्त तिथियों में मक्का विक्रय के लिए नहीं लाने की अपील की है। बता दे कि कृषि उपज मंडी बडोरा में रोजाना मक्का उपज की बंपर आवक हो रही है। जिसके कारण अव्यवस्थाएं उत्पन्न हो रही है। मंडी प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है कि 1 दिसंबर तक मंडी में मक्का की नीलाम बंद रखी जायेगी।*

### नागपुर जा रहा परिवार हादसे का शिकार

# इंदौर हाईवे पर ट्रैक्टर और अर्टिगा भिड़ी, चार घायल




**बैतूल।** बैतूल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तडक़े एक ट्रैक्टर और अर्टिगा कार के बीच टक्कर हो गई। हादसा खापा जोड़ के पास शनिवार सुबह करीब 4.15 बजे हुआ। अर्टिगा कार में सवार चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर जीन शुगर मिल में गन्ना खाली कर चिचोली की ओर लौट रहा था। इसी दौरान इंदौर की दिशा से आ रही अर्टिगा कार उससे टकरा गई। कार में दो पुरुष, तीन महिलाएं और तीन बच्चे सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के अगले दोनों पहिए टूटकर हाईवे पर बिखर गए। कार में सवार साकिर खान के पैर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। अन्य घायलों में इम्तियाज बी, हीना बी और अय्यूब रिजवी शामिल हैं। हादसे के बाद वहां से गुजर रही एक बस के ड्राइवर ने तुरंत 112 डायल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को चिचोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बैतूल रेफर किया गया था, जहां से इलाज के बाद परिवार इंदौर रवाना हो गया। ट्रैक्टर ड्राइवर हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि यह परिवार इंदौर से नागपुर के ताजबाग स्थित बाबा ताजुद्दीन दरगाह पर जियारत (तीर्थयात्रा) के लिए जा रहा था।

# बैतूल जिला जेल में हत्या के दोषी कैदी की मौत




**बैतूल।** बैतूल जिला जेल में सजा काट रहे एक बंदी की शनिवार सुबह मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसकी रिहाई कुछ दिनों में होने वाली थी। बंदी को सीने में तेज दर्द उठा, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अमरावती घाट क्षेत्र निवासी प्रकाश बाबूराव (42) के रूप में हुई है। प्रकाश को अपने चाचा की गैर-इरादतन हत्या (धारा 304 भाग-2) के मामले में सात साल की सजा सुनाई गई थी। वह पिछले साढ़े पांच साल से बैतूल जिला जेल में बंद था। जेल अधीक्षक योगेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार को प्रकाश जेलकर्मी राकेश पांडे के साथ सफाई कार्य के लिए जेल से बाहर गया था। इसी दौरान उसे अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। साथी कर्मियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, प्रकाश की सजा के 7 साल में से साढ़े पांच साल पूरे हो गए थे। उसे अच्छे आचरण के चलते कुछ ही दिनों में रिहाई मिलने वाली थी। प्रकाश ने जेल से निकलने की तैयारी कर ली थी, उसने अपने कपड़े और जूते धोकर रख दिए थे। प्रकाश बाबूराव को अमरावती घाट बस स्टैंड पर लक्ष्मण की मौत के मामले में दोषी ठहराया गया था।

# 'बेटियों का अपमान करने का अधिकार किसी को नहीं'

### ब्राह्मण समाज ने जताई नाराजगी कहा- तुरंत हो एफआईआर



**बैतूल/ आमला।** अजाक्स संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ नाराजगी बढ़ते जा रही है। जगह-जगह ब्राह्मण समाज द्वारा आंदोलन प्रदर्शन किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय पर ब्राह्मण समाज द्वारा ज्ञापन सौंपकर नाराजगी व्यक्त की गई थी, तो वहीं आमला में सर्व ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन कर नाराजगी व्यक्त की और थाने पहुंचकर पुलिस अधीक्षक बैतूल के नाम थाना प्रभारी आमला को ज्ञापन सौंपा। ब्राह्मण समाज ने कहा कि आईएएस संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक रूप से ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो कि समस्त बेटियों का अपमान है। संतोष वर्मा का यह कृत्य कानून व्यवस्था को गंभीर जोखिम उत्पन्न करने वाला है, यह जातीय तनाव फैलाने का प्रयास है। वरिष्ठ पद पर होने के बाद भी इस प्रकार का आचरण अनुचित है। ब्राह्मण समाज ने आईएएस संतोष वर्मा पर भारतीय न्याय संहिता की कठोर धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व ब्राह्मण समाज के किशोर शर्मा, राजेंद्र उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारकाधीश शर्मा, अनिल पाठक, पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संघ आमला राकेश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सुधीर अंबाडक़र, मुकेश जोशी, भानु शर्मा, रितेश पांडे, पियूष परसाई, जस्सी पांडे, बबलू गोस्वामी, सुशील शर्मा, शिवम उपाध्याय, राकेश पांडे सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

# कछार से कोयलारी सड़क निर्माण का भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

ग्राम पंचायत कछार भवन के पास कछार से कोयलारी तक बनने वाली 4.20 किलोमीटर लंबी सडक़ निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। 686 लाख की लागत से बनने वाली इस सडक़ का निर्माण लोक निर्माण विभाग, बैतूल द्वारा कराया जाएगा। यह सडक़ न केवल दो ग्रामों को जोड़ेगी बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके और भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार उपस्थित रहे। मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन के पश्चात नारियल फोडक़र सडक़ कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मार्ग को 3.50 कमी नगरीकृत सडक़ का निर्माण तथा 0.65 कमी सीमेंट कांक्रीट सडक़ का निर्माण किया जाना है। कछार से कोयलारी तक का यह मार्ग लंबे समय से कच्चा था। बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से होकर लोगों को चलना पड़ता था, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और वाहन चालकों को काफी परेशानी होती थी। अब पक्की सडक़ बन जाने से ग्रामीणों को इन कठिनाइयों से मुक्ति मिलेगी और क्षेत्र में आर्थिक व सामाजिक गतिविधियों में तेजी आएगी। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के गांवों तक विकास पहुँचाने का अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत हर गांव को पक्की सडक़ से जोडऩे का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री मोहन यादव भी प्रदेश के हर कोने तक विकास पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सडक़ उन्हीं योजनाओं का परिणाम है, जिससे ग्रामीण अंचल को नया जीवन मिलेगा। विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्राथमिकता है कि कोई भी गांव सडक़ सुविधा से वंचित न रहे। इस सडक़ से न केवल आवागमन आसान होगा बल्कि किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुँचाने में भी सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की योजनाओं ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, महिला समूह और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### भजलो दादाजी का नाम

# बड़े दादाजी की पुण्यतिथि पर दादा कुटी पर होगा अखंड नाम स्मरण



**भैंसदेही।** पूर्णा नगरी भैंसदेही के समूचे क्षेत्र में दादा नाम की महिमा का गुणगान कर दादा नाम का अलख जगाने वाले दादा भक्त संगीतज्ञ स्व. अन्ना साहेब जोशी के निज निवास पर स्थित जगह सबका माथा टिकता है, दादा कुटी में श्री श्री1008 स्वामी केशवानंद महाराज बड़े दादाजी महाराज की पावन पुण्यतिथि पर 3 दिवसीय धार्मिक आयोजन 1 दिसंबर से 03 दिसंबर तक किया गया है। 01 दिसंबर सोमवार को दादाजी महाराज की पावन रथ यात्रा समूचे नगर में भ्रमण करेगी। दादा कुटी के पंडित संजय भाऊ जोशी, मोनू जोशी, ने बताया कि शाम 6 बजे आरती पश्चात दादाजी महाराज की प्रतिमा को रथ में विराजित किया जाएगा। पूरे नगर में भाजलो दादाजी का नाम, भाजलो हरिहर जी का नाम, के जय घोष के साथ रथ यात्रा का नगर भ्रमण होगा। जिसके पश्चात बड़े दादाजी महाराज की पुण्यतिथि पर 2 दिसंबर मंगलवार को प्रातः कालीन अभिषेक, पूजन, महाआरती के साथ प्रातः 09 बजे 24 घंटे का अखंड नाम स्मरण भाजलो दादाजी का नाम भाजलो हरिहर जी का नाम का स्मरण प्रारंभ होगा, जिसमें दादा भक्त समूची क्षेत्र की संगीत भजन मंडलिया पहुंचकर इक्के में अपना पहरा देगे। 3 दिसंबर को प्रातः 10 बजे महाआरती गोपालकाला सत्यनारायण व्रत कथा के बाद शाम 4 बजे से महाप्रसाद कार्यक्रम आयोजित रहेगा। दादा कुटी से जुड़े हुए समस्त दादा भक्त ने धर्म प्रेमी जनता से 3 दिवसीय धार्मिक आयोजन के दादा कुटी में उपस्थित होने की अपील की है।

## पांढुर्णा से 1 दिसंबर को प्रारंभ होगी स्वदेशी संकल्प यात्रा

**बैतूल।** अखिल भारतीय व्यापारी परिषद (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 अक्टूबर 2025 को नागपुर (महाराष्ट्र) से हुआ। यह राष्ट्रव्यापी यात्रा वर्तमान में महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। मध्य प्रदेश में इस यात्रा का शुभारंभ 1 दिसंबर को पांढुर्णा से किया जाएगा। यात्रा को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराने वाले विशिष्ट अतिथि बीसी भरतिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष कैट, सुनील अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष कैट, प्रकाश चंद उइके अनुसूचित जनजाति आयोग के विधिक सलाहकार, सुधीर दाते क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ प्रदेश, स्वदेशी जागरण मंच, केशव दुबौलिया संगठन मंत्री, मध्य भारत प्रांत, संदीप घाटौड़े, पांढुर्णा नगर पालिका अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। पांढुर्णा से निकलकर यात्रा सायं 4 बजे मुलताई पहुंचेगी, 7 बजे आमला व रात्रि विश्राम बैतूल करेगी।

# अंतरराष्ट्रीय तहबीब फेस्टिवल में पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम लेंगे हिस्सा

### दुबई में शुरू हुआ फेस्टिवल, कई देशों के कलाकार शामिल होंगे

**बैतूल।** बैतूल के पूर्व सांसद, केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान अंतरराष्ट्रीय तहबीब फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। यह दो दिनी फेस्टिवल दुबई में 29 नवम्बर से शुरू हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय तहबीब फेस्टिवल में इस वर्ष सांस्कृतिक वैविध्य और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इसमें भारत सहित कई देशों से प्रतिष्ठित फ़िल्मकार, साहित्यकार, कलाकार और विचारक इसमें शामिल होंगे।



भारत से फ़िल्म लेखक जावेद अख्तर, फ़िल्म निर्देशक कबीर खान, बहरीन की प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री नसरीन सुरूरी समेत 1975 हॉकी विश्व कप विजेता टीम के सदस्य, बैतूल के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि 1975 में आज ही के दिन, अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहली बार पुरुष हॉकी विश्व कप जीतकर आई थी। मलेशिया के कुआलालंपुर में हुए इस रोमांचक फाइनल में, भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी और तत्कालीन हॉकी महाशक्ति पाकिस्तान को 2-1 से हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता था। इस विश्व कप में खिलाडी असलम शेर खान ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर भारतीय हॉकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की थी। वह 1976 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। खान कांग्रेस सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। उनको इस उपलब्धि के कारण फेस्टिवल में आमंत्रित किया गया है। तहबीब फेस्टिवल के सीईओ और आयोजक तारिक़ फैज़ी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि यह फेस्टिवल साहित्य और कला के वैश्विक संवाद को और सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस फेस्टिवल में भारत के अलावा लंदन के सांसद लार्ड रमी रेंजर भाग लेंगे। साहित्य और कला जगत के कई अन्य अंतरराष्ट्रीय नाम भी फेस्टिवल का हिस्सा होंगे। फेस्टिवल का पहला दिन, 29 नवंबर, फ़िल्म और सिनेमा पर चर्चाओं के साथ शुरू हुआ। इसके अलावा अंग्रेज़ी सेशन, अरबी सेशन, मनोवैज्ञानिक सत्र, थियेटर और संगीत प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफलता दिलाने के लिए बूथ स्तर तक रणनीति पर हुई चर्चा



**भौंरा।** भौंरा-बीजादेही मंडल के ग्राम कछार में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार ने की, जबकि इस अवसर पर सांसद दुर्गादास उईके, विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके, जिला उपाध्यक्ष (संगठन) राजेंद्र मालवीय, एसआईआर के विधानसभा प्रभारी प्रशांत गावड़े, विधायक प्रतिनिधि मुकेश मालवीय, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाहा, राजेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिरोठिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, अभियानों और विशेष रूप से निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर, स्पेशल मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों एवं बूथों से आए बूथ अध्यक्षों, बीएलए और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को प्राथमिकता दें। जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार सशक्त मतदाता सूची है। उन्होंने कहा एसआईआर प्रक्रिया केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का अभियान है। हर कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि उसके बूथ पर कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। नए मतदाताओं, विशेषकर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम सूची में जोडऩे के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएं, साथ ही गलत नाम या मृत व्यक्तियों के नाम सूची से हटवाने का कार्य भी ईमानदारी से किया जाए। सांसद दुर्गादास उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकारें जनसशक्तिकरण और लोकतंत्र की पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं।

# सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह का हुआ सम्मान

**सारनी।** सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से अपनी सेवा की शुरुआत करने वाले एसएन सिंह 37 वर्ष की उत्कृष्ट सेवा के पश्चात अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर नवम्बर में सतपुडा ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति पर एसएन सिंह का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मनजीत सिंह मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर से कंपनी के प्रबंध संचालक, सुबोध निगम निदेशक तकनीकी, अभिषेक जैन मुख्य अभियंता संचालन संधारण एवं उत्पादन, सुशील कुमार लिल्लोरे मुख्य अभियंता आर एडं एम जबलपुर, उदित अग्रवाल अतिरिक्त मुख्य अभियंता जबलपुर, श्रीसिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया से सुभाषचंद्र गुप्ता, आरके साहू, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एस के मालवीय सिंगाजी ताप विद्युत गृह, सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता सी पी ठुकराल, 250 मेगावाट के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता सहित अधीक्षण अभियंता डी पी मिश्रा, मनीष शर्मा, उल्हास देशमुख, यशवंत वराठे, हेमराज शाक्य, ज्योति गायकवाड, संजीव त्रिपाठी अधीक्षण अभियंता मुख्यालय, कार्यपालन अभियंता सिविल आर के सोनी ,



जितेंद्र खाकरे, राहुल खेर, कपिल बंसोड, योगेन्द्र ठाकुर, अमन पटेल, अरूणा डहेरिया, वर्षा त्यागी, संगीता मालवीय, भव्यता वाडिवा सहित एस एन सिंह के परिवार के सदस्य उपस्थित हुए। एसएन सिंह को विभाग की ओर से प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने शाल श्रीफल भेंट किया। मुख्य अभियंता एसएन सिंह के समकालीन अभियंताओं ने अपने संस्मरण साझा किए। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के अथक प्रयास के कारण झालारी भत्ते और कैशलैस स्वास्थ्य संबंधित मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्धि के लिए अनेक संगठनो के साथ ही विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री अंबादास सूने मौजूद रहे।

संक्षेप खबर

## जीनियस प्लानेट में SPHERE का आयोजन

**इटारसी।** जीनियस प्लानेट सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा एक शानदार कार्यक्रम 'जीनियस कला SPHERE' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विद्यालय परिसर में रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह आयोजन स्कूल के विद्यार्थियों और अभिभावकों को एक मंच पर लाने के लिए किया है, जिसमें कई रोमांचक गतिविधियां शामिल हैं। इनमें स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल में अभिभावकों द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए स्वादिष्ट और विविध प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया जा सकेगा।

## जागरूकता शिविर आयोजित



**इटारसी।** शनिवार को शहर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के मार्गदर्शन में सूरजगंज चौराहा पर वार्ड क्रमांक 15, 16 ,17, 29 के मतदाताओ के सहयोग हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई मतदाताओं ने आकर कांग्रेसजनों से अपने फार्म भरवाएं। इस अवसर पर सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत देवास में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# हर बच्चे की मुस्कान हमारी जिम्मेदारी लापता बच्चे की जानकारी हमें दें: एसपी

### पुलिस अधिकारियों द्वारा शासकीय स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेशानुसार दिनांक 01 नवम्बर 2025 से संपूर्ण प्रदेश में "ऑपरेशन मुस्कान" विशेष अभियान 01 माह की अवधि के लिए प्रारंभ किया गया है। जिस पर से पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा उक्त अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इस अभियान का उद्देश्य किशोरावस्था में घर से भागने वाले बालक-बालिकाओं की पतासाजी कर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द करना तथा समाज में इस समस्या के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है।

देवास जिले में यह अभियान के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक देवास श्री पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के दिशा निर्देश में समस्त एसडीओपी (पुलिस) एवं थाना प्रभारी/चोकी प्रभारीगण द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा न केवल लापता बच्चों की खोज हेतु सक्रिय पतासाजी की जा रही है, बल्कि प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी परिस्थिति में घर से भागना समस्या का समाधान नहीं है। साथ ही उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने, संवाद स्थापित करने तथा सहायता प्राप्त करने के सकारात्मक उपायों से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान के तहत जिला देवास में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवली टोंकखुर्द,शासकीय कन्या शाला टोंकखुर्द, चित्रांश हाय स्कूल नेमावर,ब्राइट फ्यूचर स्कूल भौंरासा, प्रतिभा पब्लिक स्कूल काकड़दा फाटा भौंरासा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय नराना, सनराइज अकादमी डकाच्या एवं ऑक्ट्री पब्लिक स्कूल धामंदा में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी सोनकच्छ शदीपा माण्डवे,थाना प्रभारी नेमावर निरीक्षक प्रदीप राय,थाना प्रभारी भौरांसा निरीक्षक प्रीति कटारे,थाना प्रभारी बरोठा सविता सिंह एवं थाना स्टॉफ द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने किशोरावस्था में उत्पन्न मानसिक दबाव, पारिवारिक संवाद के महत्व एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से जीवन की कठिन परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने का आग्रह किया एवं उनके साथ होने वाले शारीरिक अपराध के संबंध में समझाइश दी गई एवं धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के बारे में समझाया गया। गुड टच और बेड टच के बारे में छात्र-छात्राओं से बात की गई साथ ही साइबर फ्रॉड से संबंधित अपराधों से बचने के उपाय और अपराध हो जाने के तुरंत बाद 1930 पर कॉल करने या पुलिस से संपर्क करने संबंधी सलाह दी गई। पुलिस व्यवस्था के प्रारूप भी बच्चो को बताया गया।

# पुलिस की पहल: सजग प्रहरी योजना के तहत कर रहे जागरुक




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले के नागरिकों की संपत्ति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नर्मदापुरम पुलिस ने एक विशेष और प्रभावी कार्य योजना सजग प्रहरी आपका सफर, हमारी जिम्मेदारी का क्रियान्वयन शुरू किया है। इस अभिनव पहल के माध्यम से, पुलिस उन नागरिकों को उनके सूने घरों की सुरक्षा के लिए जागरूक कर रही है जो लंबे समय के लिए अपने निवास स्थान से बाहर जा रहे हैं।

**सजग प्रहरी योजना क्या है?** सजग प्रहरी योजना उन निवासियों के लिए है जिनका घर किसी काम या यात्रा के कारण लंबे समय तक सूना रहने वाला है। नर्मदापुरम पुलिस ऐसे नागरिकों से अपील करती है कि वे अपनी यात्रा की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इटारसी में विशेष सक्रियताइस योजना को जमीन पर सफलतापूर्वक उतारने में इटारसी के अधिकारी विशेष रूप से सक्रिय हैं। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव बुंदेला लोगों को व्यक्तिगत रूप से सजग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से बिना किसी हिचकिचाहट के पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करने का आग्रह किया है।

पुलिस का आश्वासन और सुरक्षा के कदम पुलिस ने नागरिकों को उनकी भागीदारी के बदले में आश्वासन और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए हैं, इनमें नागरिक द्वारा दी गई जानकारी को पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा और इसका दुरुपयोग नहीं होगा।

पुलिस आपके घर के आस-पास गश्त को प्राथमिकता देगी, जिससे चोरी या अन्य अप्रिय घटना की संभावना शून्य हो जाए। नागरिक अपनी यात्रा या सूने घर की जानकारी देने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम नर्मदापुरम से संपर्क कर सकते हैं।

# तीन गांवों की बिजली कटी, इटारसी धर्मकुंडी मार्ग पर ग्रामीणों ने थामे वाहनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बिजली कंपनी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के तीन गांवों की बिजली आपूर्ति काट दिए जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने शुक्रवार को इटारसी-धर्मकुण्डी मार्ग पर स्थित तीखड़ गांव के पास चक्का जाम कर दिया। ग्राम तीखड़, जमानी और मलोथर के ग्रामीणों द्वारा किए गए इस प्रदर्शन के कारण दोनों तरफ का यातायात करीब एक घंटे तक बाधित रहा।

**अचानक कटौती से घरों और व्यापार पर असर:** ग्रामीणों का आरोप था कि बिजली कंपनी ने बिना कोई नोटिस दिए सीधे डीपी से बिजली काट दी, जिससे उनके घरों के सभी बिजली उपकरण बंद हो गए। तीखड़ गांव के सरपंच उमेश मरकाम ने बताया कि बिजली कंपनी ने बिना कोई सूचना या नोटिस दिए पूरे गांव की लाइट काट दी है, जिसके चलते सभी लोग एकत्र होकर सडक़ पर चक्का जाम करने के लिए मजबूर हुए। बिजली कटने से न केवल घरेलू जीवन प्रभावित हुआ, बल्कि गांवों में संचालित स्कूलों, बैंकों और पेट्रोल पंप पर भी कामकाज बाधित हुआ।

**10 गुना बढ़े हुए बिलों से परेशानी:** ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन महीनों से बिजली के बिलों में 10 गुना तक की बढ़ोतरी की गई है। जहां पहले बिल 200 से 400 के बीच आते थे, वहीं अब बढ़े हुए बिलों के चलते ग्रामीण उन्हें जमा नहीं कर पा रहे हैं।अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खुलाचक्का जाम की सूचना मिलते ही जेई पंचलाल सरेआम और पथरोटा थाना प्रभारी पवार पथरोटा मौके पर पहुंचे। पथरोटा थाना प्रभारी ने बताया कि यह जाम लगभग 20-25 मिनट तक चला। बिजली अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि बढ़े हुए तकनीकी रूप से गड़बड़ बिलों को सुधारा जाएगा और ग्रामीणों द्वारा 8-10 दिन में बिल जमा करने का आश्वासन दिए जाने के बाद बिजली कनेक्शन जोड़ दिया गया।

# संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों का महत्व समझा, निबंध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी के तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूरजगंज इटारसी में संवैधानिक मूल अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि आदित्य रावत, जिला न्यायाधीश इटारसी, ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, सपने तभी पूरे होते हैं जब उन्हें खुली आंखों से देखा जाता है। उन्होंने छात्राओं को संविधान में उल्लेखित मूल अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बल देते हुए कहा कि, देश का नागरिक सच्चा नागरिक तब कहलाता है जब वह अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण निष्ठा से पालन करे। उन्होंने अनुशासन और समर्पण को सपने पूरे करने का आधार बताते हुए छात्राओं को सर्वदा सकारात्मक रहते हुए प्रयास करने की प्रेरणा दी।

**विजेताओं को सम्मान**

निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान कुमारी दिव्यानी लौवंशी,द्वितीय स्थान कुमारी गीतांजलि नामदेव और तृतीय स्थान कुमारी स्वाति चौरे को मिला।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य विनीता दुबे, वरिष्ठ व्याख्याता शिवि सूद सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वार्ड 18 और 19 में विशेष मतदाता पुनरीक्षण शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारत माता चौराहा, इटारसी पर शनिवार को वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु गहन पत्र शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में मतदाता सूची में आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण और नए फॉर्म भरने का कार्य 'युद्ध स्तर' पर किया गया। शिविर में भरी गई फॉर्म की संख्याआयोजित शिविर में लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला। बूथ क्रमांक 186, 187, 188 और 189 पर कुल 270 SIR फॉर्म भराए गए। वार्ड 19 के पार्षद राहुल प्रधान ने बताया कि भारत माता चौराहा पर लगाए गए। इस विशेष शिविर की सूचना सभी वार्ड वासियों को पूर्व में दे दी गई थी। इसका उद्देश्य गहन मतदाता सूची परीक्षण में आने वाली परेशानियों को देखते हुए वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में समस्याओं का निराकरण कर फॉर्म भरवाना था। शिविर को सफल बनाने के लिए प्रशासन और राजनीतिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# रेलवे ट्रैक और प्लेटफॉर्म की सफाई में आंशिक सुधार, आधुनिक मशीनों का हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्य प्रदेश का महत्वपूर्ण रेल जंक्शन, अब स्वच्छता के मामले में नई गति पकड़ रहा है। 22 अक्टूबर 2025 से सफाई का ठेका कामधेन सिक्योरिटी नामक नई कंपनी को सौंपे जाने के बाद, स्टेशन की व्यवस्थाओं में आंशिक लेकिन महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया है।

रेलवे हेल्थ इंस्पेक्टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नई ठेकेदार कंपनी ने सफाई के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। कंपनी ने 175 सफाई कर्मियों को उनके काम का सीधा और पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित किया है। प्रत्येक कर्मी को प्रतिदिन 541 रुपए सीधे उनके खाते में दिए जा रहे हैं। सफाई कर्मचारी तीन शिफ्टों में 24 घंटे कार्य कर रहे हैं।

**आधुनिक मशीनों का उपयोग:** स्टेशन की सफाई अब पारंपरिक तरीकों के बजाय आधुनिक मशीनों द्वारा की जा रही है, जिससे प्लेटफॉर्म और ट्रैक दोनों पर बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। सभी सात प्लेटफॉर्म की सफाई के लिए तीन राइड-ऑन मशीनें तैनात की गई हैं। पटरियों पर जमा गंदगी को साफ करने के लिए विशेष जेट मशीन से कार्य किया जा रहा है।

**यात्री सुरक्षा पर ध्यान आवारा पशुओं पर नियंत्रण**

यात्री सुरक्षा और स्वच्छता के लिए चुनौती बने आवारा मवेशियों और कुत्तों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए प्रबंधन ने ठोस कदम उठाए हैं। स्टेशन के दोनों छोर (खंडवा और जबलपुर छोर) पर आवारा मवेशियों को रोकने के लिए दो कर्मचारियों को विशेष रूप से तैनात किया गया है।

रेलवे ने नगर पालिका को विधिवत पत्र लिखकर आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए उन्हें पकडऩे और हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

# हरे माधव का 50वॉ प्राकट्य सत्संग और भंडारा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर में भक्ति और आस्था का माहौल बनाने के लिए पूज्य हरे माधव का 50 वॉ प्राकट्य दिवस आज रविवार, 30 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस शुभ अवसर पर सिंधु भवन, सिंधी कॉलोनी गली नंबर 4 में विशेष सत्संग एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया है।

**भक्तिमय कार्यक्रम का विवरण**

हरे माधव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे से होगी। संगत एवं भक्त इस दौरान सत्संग के माध्यम से गुरु महिमा और अध्यात्मिक संदेशों का श्रवण करेंगे। भंडारा प्रसादी में सादर आमंत्रण सत्संग की समाप्ति के बाद सभी उपस्थित संगत के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया है। आयोजकों ने सभी संगतजनों से विनम्र विनती की है कि वे सत्संग एवं भंडारा प्रसादी में सादर आमंत्रित हैं और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों।

# किसान कांग्रेस का आह्वान: फसलों के उचित मूल्य पाने 1 दिसंबर को मंडी में उपज न लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



फसलों के उचित मूल्य न मिलने से नाराज किसानों को विरोध का बिगुल फूंकने किसान कांग्रेस ने आह्वान किया है। किसान कांग्रेस के नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने किसानों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए आगामी 1 दिसंबर को जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में उपज न ले जाने की अपील की है।

यह विरोध विशेष रूप से मक्का सहित अन्य फसलों के गिरते दामों को लेकर किया जा रहा है। बाबू चौधरी ने कहा कि किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम नहीं मिल रहा है, जिसका सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है।

उन्होंने विशेष रूप से मक्का के वर्तमान बाजार मूल्य पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे 1 दिसंबर के दिन विरोध प्रदर्शन के रूप में अपनी किसी भी प्रकार की उपज (अनाज, दलहन या तिलहन) को मंडी में बिक्री के लिए न लाएं। यह कदम सरकार और बाजार का ध्यान किसानों की इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करने के लिए उठाया जा रहा है।

बाबू चौधरी ने अपने संदेश में कहा, हमारा गांव और क्षेत्र के सभी किसानों से निवेदन है कि वे एकजुटता दिखाते हुए इस आंदोलन में हमारा साथ दें। विजय बाबू चौधरी ने कहा कि वे किसानों के इस संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। अपील है कि इस संदेश को सोशल मीडिया ग्रुप में प्रचारित करें ताकि यह आंदोलन सफल हो सके और किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य मिल सके।

# सेंट जोसेफ़ किंडर गार्डन में वार्षिक खेलकूद समारोह हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेंट जोसेफ़ किंडर गार्डन का प्रांगण हाल ही में वार्षिक खेलकूद समारोह की सुनहरी धूप और नन्हे बच्चों के उत्साह से दमक उठा।

यह आयोजन सिर्फ़ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि खेल के मैदान पर प्रतिभा और अनुशासन का अद्भुत संगम था, जिसने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संजय चिकारा, ने बच्चों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर बल दिया कि खेलकूद मनोरंजन नहीं, बल्कि शारीरिक विकास, अनुशासन और सशक्त टीम भावना की नींव रखते हैं। प्रेरणादायक संदेश बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी ऊर्जा का स्त्रोत बना। बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिताए, रिंग रेस, फ्रूट रेस, बैलेंसिंग गेम, आदि में अपनी प्रतिभा दिखाई। खेल में बच्चों का जोश और प्रदर्शन सें अभिभावक और शिक्षक अपनी तालियां रोक नहीं पाए। नन्हें धावकों के प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया।

### विहिप बजरंग दल की संभागीय बैठक में मंथन संपन्न

# भारत मे रहना है तो वंदेमातरम व भारत माता की जय कहना होगा, ये राम-कृष्ण का देश है धर्मशाला नहीं है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



विश्व हिंदू परिषद नर्मदापुरम जिले की विभाग बैठक पुरानी इटारसी स्थित अभिनंदन हॉल के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें विभाग अंतर्गत आने वाले पांचों जिलों बैतूल, हरदा, मुल्ताई, नर्मदापुरम, पिपरिया के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक तीन सत्रों में सम्पन्न हुई।

प्रथम उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री अखिल भारतीय विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीष सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू परंपराएं जो विलुप्त होती जा रही है उन्हें पुनः स्थापित करना होगा और उसकी परंपरा अयोध्या श्री राम मंदिर के निर्माण से प्रारंभ भी हो गई है। हिंदुओं के मान बिंदुओं की रक्षा करने हेतु ही विश्व हिंदू परिषद बना है। विहिप की स्थापना भगवान का कार्य करने के लिए हुई है। इसमें गौमाता, वेद, संस्कृत एवं मंदिरों की रक्षा करना ही मुख्य उद्देश्य है। श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण हो गया है। भारत माता की जय केवल नारा नहीं है यह एकत्व का महामंत्र है। इसमें अलग भाषा वाले भी सहोदर भाई हैं। भारत के नागरिक भारत माता के पुत्र हैं परंतु वन्देमातरम न बोलने वाला हमारा भाई कैसे हो सकता है जो राम के स्थान पर बाबर की बात करते हैं।द

द्वितीय सत्र में प्रांत मंत्री नवल भदौरिया ने कहा कि आगामी कार्यक्रमों की पहले से योजना बनाएं। धर्म रक्षा निधि का समर्पण धर्म रक्षार्थ अवश्य करना चाहिए। व्यक्तिगत हित, पद प्रतिष्ठा के कारण हिंदू ही हिंदू के सामने खड़ा है। समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब परिवर्तन दिख रहा है, विजय हमारी ही होगी। उक्त अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अवधेश पाराशर, विभाग मंत्री राजेश प्रजापति के साथ अन्य प्रांतीय, विभागीय एवं जिलाकार्यसमिति के सदस्य व मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहनें विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# ऑर्डनेंस फैक्ट्री के पास घर में घुसा 5 फीट का घोड़ापछाड़ सांप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के निकट ऑर्डिनेंस फैक्ट्री क्षेत्र के पास स्थित ग्राम डोब के एक घर के रसोईघर (किचन) में 5 फीट लंबा एक सांप घुस गया था, जिसे वन विभाग की टीम ने सर्पमित्रों की सहायता से सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में पुनर्वासित किया। जानकारी के अनुसार, आज वन रक्षक सुरेंद्र कुमार को ग्राम डोब नाके के अंदर से यह सूचना मिली कि एक सांप एक कमरे के अंदर बने किचन में जाकर कहीं छिप गया है।

सांप के घर में होने की सूचना से निवासियों में दहशत फैल गई। वन विभाग ने तुरंत संभाला मोर्चा मामले की गंभीरता को देखते हुए, वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके मार्गदर्शन में, सर्पमित्र अभिजीत यादव और सचिन दुलारे की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।सफल रेस्क्यू और पुनर्वास जांच के बाद पता चला कि यह सांप घोड़ापछाड़ प्रजाति का था, जो कि गैर-विषैला होता है। करीब 5 फीट लंबे इस सांप को सर्पमित्रों ने बड़ी सावधानी और कुशलता से रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू के बाद, सांप को किसी भी प्रकार की हानि न पहुंचाते हुए, उसे वन परिक्षेत्र के अंदर एक सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास के लिए छोड़ दिया गया।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक ब्रिज कोर्स के लिए 25 तक रजिस्ट्रेशन

**हरदा।** लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में 11 अगस्त, 2023 के पूर्व नियुक्त बीएड योग्यताधारी शिक्षकों को ब्रिज कोर्स के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 25 दिसम्बर, तक वेबसाइट पर करने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया है। बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली से 6 माह का ब्रिज कोर्स ओपन एण्ड डिस्टेंस लर्निंग ओडीएल मोड से कराये जाने का उल्लेख है। पत्र में कहा गया है कि संबंधित प्राथमिक शिक्षक समय-सीमा में रजिस्ट्रेशन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नहीं कराते हैं अथवा रजिस्ट्रेशन के बाद एक वर्ष में ब्रिज कोर्स पूर्ण नहीं करते हैं, तो ऐसे प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति आगे जारी नहीं रखी जा सकेगी। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पुलिस ने महिला को पशु मांस ले जाते पकड़ा

**हरदा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार शाम एक महिला को पशु मांस ले जाते हुए पकड़ा। पुलिस को सौरभ रावल नाम के युवक ने सूचना दी थी कि महिला हर शुक्रवार को खंडवा से मांस लाकर बेचती है। इसके बाद पुलिस ने बंगाली कॉलोनी निवासी महिला को फरहत सराय के पास रोक लिया। महिला को थाने लाकर उसकी स्कूटी की डिक्की की जांच की गई। उसमें काले बैग में अलग-अलग पन्नियों में भरा लगभग साढ़े चार किलो पशु मांस मिला। स्कूटी भी जब्त कर ली गई। पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों ने जांच में पुष्टि की कि यह मांस पाड़े (भैंस के बच्चे) का है। महिला ने भी माना कि वह हर शुक्रवार खंडवा से मांस लाकर बेचती थी। एसआई रिपुदमन सिंह राजपूत ने बताया कि महिला के खिलाफ मध्यप्रदेश कृषक पशु परीक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब मामले की आगे जांच कर रही है।

### भागवत कथा की शुरुआत हुई

**रहटगांव।** ग्राम उसकल्ली में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत भक्तिभाव से हुई। सुबह बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। महिलाओं और बालिकाओं ने सिर पर कलश रखकर पारंपरिक रूप में यात्रा में भाग लिया। परिवार के सदस्यों ने श्रीमद् भागवत ग्रंथ को सिर पर रखकर यात्रा का नेतृत्व किया। कथा स्थल पहुंचने पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ कथा का विधिवत आरंभ हुआ। यह आयोजन गांव के भागवत सिंह मौर्य के परिवार द्वारा कराया जा रहा है। कथा का वाचन छिदगांव मेल के पंडित रमाकांत जोशी कर रहे हैं।

### नई चेतना अभियान में 23 दिसम्बर तक होंगी जेंडर गतिविधियां

**हरदा।** नई चेतना 4.0 अभियान के चौथे संस्करण अंतर्गत जिले में 23 दिसम्बर तक जेण्डर गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, दैनिक कार्यो की जिम्मेदारियां, संसाधनों तक पहुंच, उनके अधिकार एवं नीतियों के संबंध में ग्राम स्तर पर गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि इस दौरान जेण्डर शपथ, रंगोली, रैली, नुक्कड नाटक, नारा लेखन गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा। साथ ही स्वसहायता समूहों की महिलाओं को पॉश अधिनियम के बारे में प्रशिक्षित किया जावेगा, महिलाओं को विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भ्रमण कराया जावेगा, स्व-सहायता समूहों की जेण्डर चैपिंयन महिलाओं का सम्मान किया जावेगा, यह गतिविधियां जिले के 10 संकुल स्तरीय संगठनों के माध्यम से की जाएगी। इस वर्ष अभियान की टैगलाइन एक साथ, एक आवाज समानता के लिए संकल्प का आगाज होगा।

---

### वीआईटी कैंपस के 11 ब्लॉक बिना फायर एनओसी के चल रहे

# नप के नोटिसों को 'रद्दी' समझ रहा वीआईटी प्रबंधन, 10 माह में 6 बार भेजे प्रबंधन को पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

वीआईटी कैंपस में छात्रों के हंगामे के बाद अब प्रबंधन की मनमानी का एक और बड़ा मामला सामने आया है। मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग के तहत आने वाली नगर परिषद कोठरी द्वारा बार-बार भेजे जा रहे नोटिसों को वीआईटी प्रबंधन लगातार नजर अंदाज कर रहा है।

फरवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के बीच नामांतरण, बिल्डिंग परमिशन और फायर एनओसी जैसे गंभीर उल्लंघनों के लिए परिषद ने प्रबंधन को छह बार से अधिक सूचना पत्र और अंतिम चेतावनी जारी की है, लेकिन प्रबंधन ने कोई तवज्जो नहीं दी।

कोठरी नगर परिषद के नोटिसों से स्पष्ट होता है कि वीआईटी ट्रस्टी शंकर विश्वनाथन को विभिन्न अनियमितताओं के लिए बार-बार सूचित किया गया, जिसमें फरवरी 2024 से अक्टूबर 2024 के बीच कई बार नोटिस भेजे गए. जैसे 29 फरवरी 2024, 22 मई 2024, 20 जून 2024 एवं 22 जुलाई 2024, इन सभी नोटिसों का उद्देश्य वीआईटी की अचल संपत्तियों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज जमा करवाना, नामान्तरण कराना और बिना परमीशन बनी इमारतों की बिल्डिंग परमीशन लेना था।

#### 3 दिन की अंतिम चेतावनी भी बेअसर

नगर परिषद कोठरी ने 2 अक्टूबर और 9 अक्टूबर 2024 को जारी अपने 'अंतिम सूचना पत्रों' में साफ कहा है कि किन्तु आपके द्वारा आज तक भवन/भूमि स्वामित्व सम्बन्धी दस्तावेज प्रस्तुत नही किये हैं। अतः आपको अन्तिम रूप से सूचित किया जाता है कि आप अन्दर 3 दिवस में कार्यवाही पूर्ण करावें। अन्यथा आपके विरूद्ध मप्र नपा अधिनियम 1961 की धारा 150/187 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

#### नोटिस दिए गए हैं

नगर परिषद कोठरी के सीएमओ नरेन्द्र जाटव ने बताया कि वीआईटी प्रबंधन को नोटिस दिए गए हैं, लेकिन नोटिसों का जबाव नहीं मिला, न ही जुर्माना राशि जमा कराई गई है।

#### *अवैध निर्माण पर 42.40 लाख का जुर्माना*

*प्रबंधन की इस अनदेखी का सबसे बड़ा परिणाम यह हुआ है कि 11 इमारतों पर फायर एनओसी न लेने के कारण नगर परिषद ने 42 लाख 40 हजार 122 का जुर्माना शुल्क कर दिया है। 2 अक्टूबर 2024 के अंतिम सूचना पत्र में परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि यह राशि जमा नहीं की गई, तो वसूली के लिए जंगम संपत्ति की कुर्की की जाएगी। इसके अलावा छात्रों की सुरक्षा को देखते हुएए संस्था की मान्यता निरस्त करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बावजूद नगर परिषद कोठरी के इन नोटिसों का वीआईटी प्रबंधन पर कोई असर नहीं हुआ।*




---

### आबकारी विभाग के दल की दबिश

# खोई में पशु टपरे से 40 पेटी विदेशी शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶झिरन्या



आबकारी वृत भीकनगांव और खरगोन के दल द्वारा क्षेत्र के ग्राम खोई में शनिवार को दोपहर करीब एक बजे दबिश देकर करीब 40 से 50 पेटी विदेशी शराब बरामद की है। जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई, खोई फाटे से गांव की ओर एक सुनसान पशु टपरे में की गई है। जिसमें कई किस्म की विदेशी शराब है। इनमें प्रमुख है,ओसी गोवा, एमडी रम, लेमाउंट केन, पावर केन, गोवा टैंगो, गोवा व्हिस्की है और इनमें बड़ी बोतल और क्वार्टर की पेटियां शामिल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा बरामद शराब की संख्या करीब 40 से 50 पेटी के मध्य बताई जा रही है। जिसका बाजार मूल्य लाखों रुपए है। आबकारी अधिकारियों ने पहले आरोपी के घर में और फिर पशु आहार के टपरे में दबिश दी। फलस्वरूप टपरे में भारी मात्रा में शराब बरामद हो सकी है। आबकारी उप निरीक्षक सार्थक ने उक्त की पुष्टि की है और कहा कि कार्रवाई की जा रही है ।

---

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# 70 मरीजों को निशुल्क जांच सेवाएं प्रदान की



हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

बघेल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर और रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को हरदा के खेड़ी महमुदाबाद में में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब 70 मरीजों को निशुल्क चिकित्सीय परामर्श और जांच सेवाएं प्रदान की गई। साथ ही शुगर, रक्तचाप, सर्दी-खांसी, बुखार जैसी मौसमी बीमारियों के उपचार पर विशेष परामर्श दिया गया। शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर एवं रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डा विशाल सिंह बघेल ने लोगों को स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गई।

रिलाएबल सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य जागरुकता के लिए गांव-गांव जाकर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह शिविर हरदा के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा कार्य साबित, जहां उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निःशुल्क समाधान प्राप्त हुआ। इस दौरान बीएचआरसी हॉस्पिटल की टीम उपस्थित रही।

---

# एसडीएम के नेतृत्व में एसआईआर अभियान अंतिम चरण में



हरिभूमि न्यूज ▶▶खिरकिया

ब्लाक में एसआईआर अभियान अंतिम चरण में चल रहा है। शतप्रतिशत कार्य करवाने के लिए खिरकिया एसडीएम शिवांगी बघेल,नायब तहसीलदार प्रिंसी जैन, सीएमओ महेंद्र शर्मा फील्ड पर काम कर रहे हैं। वार्ड नंबर 3 में बीएलओ महेश सोलंकी, सहायक राजेन्द्र टेमले, नवीन शुक्ला के साथ कार्य किया जा रहा है।

### *मतदाताओं को साइबर फ्राड से सचेत किया गणना पत्रक भरने के लिए नहीं चाहिए ओटीपी*

*हरदा। एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन पर भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें। ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी माँगता है तो वह साइबर फ्रॉड कॉल हो सकता है। एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। किसी भी प्रकार की फीस, प्रोसेसिंग चार्ज या भुगतान करने के लिए कहे जाने पर ध्यान दें-ऐसे संदेश/कॉल धोखाधड़ी हो सकते हैं। वाट्सएप या सोशल मीडिया पर मिले लिंक न खोलें। आपका वोटर कार्ड रद्द हो जाएगा, तुरंत एसआईआर भरें जैसे संदेश फर्जी हो सकते हैं। एसआईआर के लिए साइबर कैफे का उपयोग करते समय सतर्क रहें। ऑटो-सेव बंद रखें, कार्य समाप्त होने पर ब्राउजर इतिहास कैश साफ़ करें और अनिवार्य रूप से लॉगआउट करें।*

---

### सड़कों पर उतरकर ज्ञापन दिया

# आईएएस के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने रैली निकाली

**हरदा।** जिले के टिमरनी तहसील मुख्यालय पर शुक्रवार को ब्राह्मण समाज ने आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने रैली निकाली, ज्ञापन सौंपा और पुतला भी फूंका। मध्यप्रदेश सरकार के सीनियर आईएएस संतोष वर्मा के इस बयान पर अब ब्राह्मण और कर्मचारी संगठन लामबंद हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम संजीव कुमार नागू को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इसमें आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। इससे पहले, स्टेशन चौक पर संतोष वर्मा का पुतला फूंका गया, जिसके बाद एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि आईएएस संतोष वर्मा ने एक संगठन के प्रांतीय सम्मेलन में ब्राह्मण समाज के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी से पूरा ब्राह्मण समाज आंदोलित और मर्माहत है। ब्राह्मण समाज ने मांग की है कि ऐसे अधिकारी के खिलाफ तत्काल केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो पूरे प्रदेश का ब्राह्मण समाज आंदोलन करेगा।

#### बर्खास्त किया जाना चाहिए

संत पुजारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आचार्य संतोष भार्गव ने कहा कि जिन्होंने ब्राह्मण कन्याओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की है, उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए। ऐसे अधिकारी को नैतिक रूप से पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार को ऐसे अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी किसी समाज की बहन-बेटी को लेकर इस प्रकार की टिप्पणी करने से बचे।

# अजाकस की जिला इकाई ने आईएएस का किया समर्थन

अजाक्स की जिला इकाई ने संगठन के प्रांताध्यक्ष व आईएएस संतोष वर्मा के उद्बोधन को तोड़- मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं ने आईएएस के खिलाफ की कई कार्रवाई निरस्त करने, मीडिया ट्रायल बंद करने और बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उक्त मांगों को लेकर शुक्रवार को सीएम के नाम ज्ञापन एडीएम पुरुषोत्तम कुमार को सौंपा। मालूम हो, आईएएस वर्मा के बयान को लेकर प्रदेश भर में आंदोलन हो रहे हैं। इसी बीच अजाक्स ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि आईएएस वर्मा का वक्तव्य रोटी- बेटी के संबंधों के माध्यम से सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाला था। उन्होंने सामाजिक पिछड़ेपन और आर्थिक प्रगति के अंतर को समझाते हुए बताया कि आर्थिक उन्नति के बाद भी सामाजिक भेदभाव की दीवारें अब भी बनी हुई हैं। यह वास्तविकता को दर्शाने वाला वक्तव्य था, न कि किसी प्रकार का भेदभावपूर्ण बयान। ज्ञापन सौंपते समय अजाक्स जिला अध्यक्ष सुनील चौरे, एससी एसटी युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष राहुल पवारे, भीम आर्मी संभागीय अध्यक्ष महेंद्र काशिव मेहरा, ओबीसी महासभा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीण गुर्जर सहित अन्य मौजूद थे।

---

### बाल अधिकार पाठशाला व संविधान जागरूकता कार्यक्रम हुआ

# लैंगिक अपराधों के विरुद्ध जागरुक किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

एक संस्था हरदा द्वारा बाल अधिकार पाठशाला एवं संविधान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला रूपीपरेटिया में आयोजित किया गया। जिसमें छात्रा एवं छात्राओं को लैंगिक अपराधों के विरुद्ध अधिकार अधिनियम पास्को एक्ट पर जागरुकता अभियान केसाथ गुड टच वेड टच पर बच्चों को जानकारी प्रदान की। संस्था के नीरज रामनारायण गुर्जर ने कहा संविधान हमारी विरासत है। हम सब लोगों के पास संवैधानिक जानकारी होनी चाहिए।

हमारे मूल कर्तव्य एवं अधिकारो के प्रति सजग रहे साथ ही बाल अधिकार पाठशाला के माध्यम से संस्था द्वारा बाल संरक्षण जागरूकता अभियान तहत बच्चों से संवाद किया जा रहा है। जिसमें बाल संरक्षण के प्रति जागरूक होने तथा विभिन्न अधिकारों समझ विकसित हो इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही योग ध्यान नियमित पढ़ने हेतु भी बच्चों को प्रेरित किया। संस्था के समन्वयक नितिन टाले ने कहा कि बाल अधिकार पाठशालाओ का आयोजन संस्था द्वारा अनेक स्थानों पर किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान पाठक शैलेश गोस्वामी, शिक्षिका विजया मोघे अन्य शिक्षक एकीकृत माध्यमिक शाला रूपीपरेटिया के छात्र एवं छात्रा उपस्थित रहे।

---

# शाहगंज थाने का स्थाई वारंटी है गौहरगंज दुष्कर्मी सलमान



**सीहोर।** रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के बाद 'शॉर्ट एनकाउंटर' में घायल हुआ आरोपी सलमान न केवल जघन्य अपराधी है, बल्कि वह सीहोर जिले के शाहगंज थाने का भी स्थायी वारंटी है। शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के अनुसार गौहरगंज दुष्कर्म का आरोपी सलमान बुदनी न्यायालय द्वारा जारी किया गया स्थायी वारंटी भी है। यह वारंट उसके खिलाफ 2019 में दर्ज हुए घर में घुसकर मोबाइल चोरी के मामले में जारी किया गया था। पुलिस के अनुमान यह मामला साल 2019 में शाहगंज में घर में घुसकर मोबाइल चोरी का। फरियादी आबिद खां पिता शब्बीर खां वार्ड क्रमांक 6, नई बस्ती शाहगंज। आरोपी सलमान ने फरियादी के घर में घुसकर सैमसंग कंपनी का मोबाइल चुरा लिया था। शाहगंज पुलिस ने सलमान को इस मामले में 28 अप्रैल 2019 को गिरफ्तार किया था।

---

### नर्मदा में कूदकर मरने चली थी महिला

# बहा ले जाती नर्मदा की धाराएं पर नाविकों ने बचा ली जिंदगी

हरिभूमि न्यूज : सीहोर

शुक्रवार दोपहर बुधनी के नए नर्मदा पुल पर ऐसा दृश्य सामने आया जिसने हर किसी की रूह हिला दी। करीब 45 वर्षीय महिला अचानक भीड़ के बीच से गुजरती हुई तेज़ कदमों से पुल की रेलिंग की ओर बढ़ी। कुछ ही सेकंड में वह रेलिंग पर चढ़ी और बिना किसी झिझक के गहरी नर्मदा की धारा में कूद गई। लोगों के पास होश संभालने का भी मौका नहीं था, तभी पानी की तेज़ लहरों ने उसे बहाना शुरू कर दिया। राहगीरों की चीखें गूंज उठीं, लेकिन किसी के पास उसे रोकने का कोई उपाय नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला ने ऐसा कदम बेहद दृढ़ इरादे से उठाया था। न वहरुकी, न पीछे मुड़ी, न किसी की आवाज़ सुनी, मानो उसने मौत से समझौता कर लिया हो। नदी में गिरते ही महिला कुछ सेकंड तक ऊपर दिखाई दी, फिर उफनती धारा उसे बीच की ओर खींच ले गई। इसी बीच बेरखेड़ी घाट के पास नाव पर मौजूद नाविकों ने हालात भांपते हुए बिना सेकंड गवाए पूरा मोर्चा संभाला। नदी उफान पर थी, नाव डगमगा रही थी, लेकिन नाविकों ने परवाह किए बिना नाव को महिला की दिशा में दौड़ा दिया। कुछ पलों की बेहद खतरनाक जद्दोजहद के बाद नाविकों ने महिला को पकड़कर मौत के मुंह से बाहर खींच लिया। सूचना पर बुधनी पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। महिला अर्द्धचेतन, ठंडी सांसें और बिगड़ती नब्ज़ के साथ मिली। तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। महिला की पहचान अब तक उजागर नहीं हुई है।

---

### वाहन कुरूद से छत्तीसगढ़ लेकर निकला था

# ट्रक में भरी 100 क्विंटल प्याज लेकर भागा आरोपी पकड़ाया, एक साल बाद गिरफ्तार



**सीहोर।** पुलिस ने 13 सितंबर 2024 से फरार आरोपी को आज 28 नवंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 100 क्विंटल प्याज से भरा ट्रक लेकर भागने और उसे बीच रास्ते में बेचकर खाली छोड़ने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि जमशेद नगर कस्बा सीहोर निवासी आसिफ अहमद ने मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आइसर ट्रक क्रमांक CG-04PD-0325 का चालक पुष्पेंद्र ठाकरे 100 क्विंटल प्याज से भरा ट्रक लेकर कुरूद, छत्तीसगढ़ के लिए निकला था।

**ट्रक को खाली छोड़कर भाग गया था आरोपी :** हालांकि, वह छत्तीसगढ़ नहीं पहुंचा और रास्ते में ही प्याज बेचकर ट्रक को खाली छोड़कर फरार हो गया था। आइसर ट्रक चालक पुष्पेंद्र ठाकरे के खिलाफ धारा 316(2) और 316(3) बी.एन.एस. के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। आरोपी पुष्पेंद्र पिता संतोष (उम्र 29 साल) निवासी चुटका, थाना कान्हीबाड़ा, जिला सिवनी को सीहोर बस स्टैंड से हिरासत में लिया गया।